प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25.10.2025 **(दोपहर – 1455 बजे)**

नहाय खाय के साथ ही लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से शुरु गया है। छठ महापर्व के सिलसिले में कल शाम खरना का अनुष्ठान संपन्न करने के बाद छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरु हो जायेगा।

****

राज्यभर में छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई पहल की गयी है। छठ घाटों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। छठ घाटों पर सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं। लोक आस्था के महापर्व छठ के प्रति लोगों की श्रद्धा कुछ ऐसी है, कि स्पेन में रहने वाले कोडरमा के झुमरी तिलैया निवासी नीरज सिंह छठ मनाने के लिए अपने पैतृक घर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने योग के बाद अब लोक आस्था के महापर्व छठ को भी यूनिवर्सल फेस्टिवल के तौर पर नौमिनेट करने का निर्णय लिया है, जिससे हर भारतीयों को गर्व होगा।

****

हजारीबाग में छठ महापर्व की तैयारियां अंतिम चरण में है। सूर्य उपासना के महापर्व को लेकर जिले में उत्साह और उमंग का माहौल है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पीठासीन पदाधिकारियों से मतदान का मॉक ड्रिल कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने उपनिर्वाचन पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की और झारखंड में आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए मतदाताओं की पैतृक मैपिंग के कार्य में तेजी लाने के लिए पंचायत और वार्ड स्तर पर कैंप लगाकर कार्य करने का निर्देश दिया।

****

राज्य में आज से मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि कल राज्य के पश्चिमी हिस्से में कहीं–कहीं पर गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है, जबकि सताइस अक्टूबर को पश्चिमी और दक्षिणी भागों में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश के आसार हैं। अठाईस अक्टूबर को कुछ स्थानों पर, जबकि उनतीस को दक्षिणी और उत्तर पूर्वी तथा तीस अक्टूबर को उत्तर पूर्वी हिस्से में कहीं–कहीं पर भारी बारिश की संभावना है। इसे लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र ने येलो अलर्ट जारी किया है।

****

राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज हीरो हॉकी इंडिया लीग की नई टीम रांची रॉयल के लोगो का अनावरण किया। रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में खेल मंत्री ने हीरो हॉकी इंडिया लीग 2025–26 का फिक्सचर भी जारी किया। फिक्सचर के अनुसार महिला लीग 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक रांची में आयोजित होगी, जबकि पुरुष लीग 3 से 26 जनवरी तक चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में होगी। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह भी मौजूद थे।

*********समाप्त**********